संख्या- 15/2026/26/छप्पन-2026

प्रेषक,

ईशान प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0 लखनऊ।

नागरिक उड्डयन विभाग लखनऊ, दिनांक: 12 फरवरी, 2026

विषयः नागरिक उड्डयन निदेशालय परिसर एवं हिन्द नगर आवासीय कालोनी में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्यों को कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-323/ना0उ0नि0/2026 दिनांक 07 जनवरी, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नागरिक उड्डयन निदेशालय परिसर एवं हिन्द नगर आवासीय कालोनी में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्यों को कराए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति तथा अनुमानित धनराशि रू0 99.55 लाख (रूपए निन्यानवे लाख पचपन हजार मात्र) के व्यय की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त पत्र दिनांक 07 जनवरी, 2026 द्वारा लोक निर्माण विभाग से निदेशालय में तैनात अवर अभियन्ता (सिविल) द्वारा स्थलीय निरीक्षण करके निम्नलिखित कार्यों को कराए जाने के सम्बन्ध में आख्या दी गयी है:-

(अ) निदेशालय परिसर में मुख्य कार्य

(1) मुख्य द्वार पर शेड/साइनेज एवं सुरक्षा जांच कक्ष का प्राविधान,

(2) मुख्य द्वार पर वी0आई0पी0 गेस्ट हाउस की मरम्मत,

(3) वी0आई0पी0 लाउन्ज के पीछे स्थित सुरक्षा कक्ष में आवश्यक शेष कार्य/वी0आई0पी0 लाउन्ज में सी0एस0ओ0 काउन्टर बनाया जाना,

(4) प्रशासनिक भवन के सभी कक्षों की पुताई व अन्य सिविल कार्य,

(5) प्रशासनिक भवन के सामान्य प्रसाधन की मरम्मत,

(6) सुरक्षा गार्ड/बैटरीशाप हेतु हैंगर के पास शेड व केबिन कक्ष का प्राविधान,

(7) अन्य विविध सिविल कार्य।

(ब) हिन्द नगर आवासीय कालोनी में मुख्य कार्य

(1) टाईप-4/2 आवास की विशेष मरम्मत,
(2) पुराने क्षतिग्रस्त ट्यूबवेल कक्ष की मरम्मत,
(3) टाईप-1 के ब्लाक-ए व बी की बाहरी साइड की विशेष मरम्मत,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(4) टाईप-4/1 आवास की रंगाई-पुताई व अन्य सिविल मरम्मत कार्य।

उपरोक्त सिविल अनुरक्षण कार्यों को कराए जाने हेतु निम्नवत् आगणन तैयार किया गया है।

क्रमांक	कार्य का नाम	आगणन लागत
1.	निदेशालय परिसर के सिविल अनुरक्षण कार्य	रू0 49.47 लाख
2.	हिन्द नगर आवासीय कालोनी के सिविल अनुरक्षण कार्य	रू0 34.90 लाख
	कुल धनराशि	**रू0 84.37 लाख**

3- उपरोक्त सिविल अनुरक्षण कार्यों पर रू0 84.37 लाख + 18% जी0एस0टी0 (रू0 15.18 लाख) का व्यय अनुमानित है। उक्त आगणन में सभी दरें UPPWD में लागू DSR से ली गयी हैं। आगणन के कार्यों को ई-निविदा की कार्यवाही करते हुए कराया जाना प्रस्तावित है।

4- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 07 जनवरी, 2026 द्वारा किए गए अनुरोध के दृष्टिगत नागरिक उड्डयन निदेशालय परिसर एवं हिन्द नगर आवासीय कालोनी में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्यों को कराए जाने हेतु प्रशासकीय स्वीकृति तथा अनुमानित धनराशि रू0 99.55 लाख (रूपए निन्यानवे लाख पचपन हजार मात्र) के व्यय की अनुमति प्रदान की जाती है।

5- उक्त व्यय को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-38 के राजस्व लेखा लेखीशीर्ष ''2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-114-वाहन का क्रय तथा रखरखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-29-अनुरक्षण'' में प्राविधानित धनराशि से किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व लेखा के अधीन विभिन्न मदों के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि को शासन के शासनादेश संख्या 42/2025/478/छप्पन-2025-56-1002/02/2024 दिनांक 08 अप्रैल, 2025 द्वारा निदेशक, नागरिक उड्डयन के निवर्तन पर रखा गया है।

भवदीय,

ईशान प्रताप सिंह
विशेष सचिव

संख्या- 15/2026 /26(1)/छप्पन-2026 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- उप महालेखाकार/ई0एस0-III, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ-10
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7.
5- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाईल।

भवदीय,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in